प्रगतिशील प्रजापति समाज, भेल भोपाल

(सोसायटी रजीस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 के अधीन पंजीकृत, पंजीयन संख्या 20784 दिनाँक 30-9-1988)

वार्षिक सभा (दिनांक 25-12-2019)

आमंत्रण पत्र

मान्यवर, ______________________________

प्रगतिशील प्रजापति समाज, भेल, भोपाल संगठन की शुरुआत 1970 से हुई थी, तभी से यह संगठन अपने उद्देश्य के अनुरूप निरंतर सारगर्भित कार्यक्रम आयोजित करता रहा है. इसके मुख्य उद्देश्य शिक्षा से उत्थान, सामाजिक बंधुओं से मेल-मिलाप में वृद्धि, महिलाओं की सहभागिता को प्रोत्साहन, आदि रहे है. इसी क्रम में आगामी 25-12-2019 (बुधवार) को वार्षिक आमसभा का आयोजन रखा गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

विशिष्ट अतिथि	:	**सी.ए. मनोज प्रजापत,** राष्ट्रीय मुख्य महामंत्री, अखिल भारतीय प्रजापति (कुंभकार) महासंघ,
कार्यक्रम की अध्यक्षता	:	**श्री राम दयाल प्रजापति,** भूतपूर्व अध्यक्ष, भोपाल नगरनिगम.
दिनाँक एवं समय	:	25 दिसंबर 2019, प्रातः10:00 बजे से सायं 4.30 बजे तक
कार्यक्रम स्थान	:	धनवंतरी पार्क हबीबगंज, भेल, भोपाल (छतरी क्र.1).
कार्यक्रम विवरण	:	पारिवारिक परिचय, व्यावसायिक प्रतिभाओं द्वारा व्याख्यान, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, आर्ट वर्क प्रतियोगिता .

(जगई राम प्रजापति)
अध्यक्ष,
प्रगतिशील प्रजापति समाज,
अपर महाप्रबंधक (बी.एच.ई. एल. भोपाल)
61, बी, पटेलनगर रायसेन रोड भोपाल
फो. 2529437, 9425604369, 9425015603
Email: jrpraja@bhel.in

(हरि सिंह प्रजापति)
महामंत्री
प्रगतिशील प्रजापति समाज,
वरि.लेखा अधिकारी (बी.एच.ई. एल. भोपाल)
513 कल्पनानगर, अयोध्या बायपास भोपाल
फो. 2750787, 9406906203, 9826633787
Email: hsprajapati@bhel.in

(जय पाल प्रजापति)
कोषाध्यक्ष
प्रगतिशील प्रजापति समाज
आर्टीजन ग्रेड-3 (बी.एच.ई. एल. भोपाल)
C-95 गैलेक्सी सिटी,फेस-II, अमरावत खुर्द,
खजूरी कलां, पिपलानी, भोपाल
मो. 9755163292

<u>पुरस्कार प्रायोजक:</u> स्व. श्रीमती सरिता प्रजापति (08.01.1964 - 08.11.2019) की स्मृति में उनके पति श्री सत्य नारायण प्रजापति (SDO-Forest) निवासी एस/6 स्टर्लिंग एंक्लेव-1 शाहपुरा, भोपाल द्वारा पुरस्कार प्रायोजित हैं.

<u>विशिष्ट प्रायोजक</u> : तुलसी राम प्रजापति, 6/A हरी गंगानगर, होशंगाबाद रोड भोपाल. अशोक कुमार कुम्हार F/118/18 शिवाजी नगर भोपाल. श्री शिवकुमार प्रजापति, जागृति कालोनी, अशोका गार्डन, भोपाल; श्री बली राम पंडित, विनीतकुंज, कोलार रोड, भोपाल. श्री एम एल सरेटिया, (से.नि. परिवहन निरीक्षक) 6/E-7 अशोका सोसायटी अरेरा कालोनी भोपाल.

<u>सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता:</u> इस वर्ष एक अनुभवी एवं ISO प्रमाणित संस्था "टैलेंट शार्पेन अकैडेमी (Talent Sharpen Academy) इंदौर" के सहयोग से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. मेरिट के अनुसार सभी कक्षा के विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र दिया जाना प्रस्तावित है. विद्यार्थीगण इसका अधिकतम लाभ लें. उक्त संस्था के विषय में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिये उनकी वेबसाइट http://talentsharpen.com का भ्रमण करें. इसके लिये अपना पेन, क्लिपबोर्ड आदि साथ में लायें. इसका समय 1.00 बजे होगा.

<u>मेधावी छात्र सम्मान:</u> प्रजापति समाज के वे सभी विद्यार्थी पात्र होंगे जिन्होंने न्यूनतम निर्धारित अंक प्राप्त किये हों जो कि इस प्रकार हैं: (1) कक्षा 1 से 5 तक: 90%, (2) कक्षा 6,7,8: 80%, (3) कक्षा 9,10: 70%, (4) कक्षा 11,12: 65%. CGPA को 9.5 से गुणा करके प्रतिशत निकालें. इच्छुक विद्यार्थी अपनी मार्कशीट की छायाप्रति को व्यक्तिश: या साफ्ट कापी को ईमेल या वाट्सएप पर श्री प्रद्युम्न प्रजापति के पास यथाशीघ्र प्रेषित करें, अधिकतम 22 दिसंबर तक, (Email: pradyumn@bhel.in, Mob: 9407872576). पुरस्कार वितरण के समय विद्यार्थी एवं उसके माता-पिता को उपस्थित रहना अनिवार्य है, अन्यथा पुरस्कार निरस्त कर दिया जायेगा. इस विषय पर संस्था के पास सर्वाधिकार सुरक्षित है.

<u>ड्राइंग प्रतियोगिता:</u> सभा स्थल पर ही ड्राइंग प्रतियोगिता होगी, जिसका विषय वहीं पर ही दिया जायेगा. इसके लिये ड्राइंग शीट संस्था द्वारा प्रदान की जायेगी. अन्य ड्राइंग सामग्री (पेन, रंग, ब्रश, आदि) प्रतिभागीगण स्वयं लेकर आयें.

<u>महिलाओं द्वारा आर्ट- वर्क प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता:</u> यह सर्व स्वीकार्य है कि महिलायें भांति-भाति के आर्ट-वर्क में हुनरमंद होती हैं. उन्हें प्रदर्शन का यह अवसर इस संस्था के माध्यम से है एक अभिनव प्रयोग है. प्रदर्शनार्थ सामग्री घर से तैयार करके लाना है जिसे फ्लैक्स या बोर्ड पर पिन-अप करके लगाया जा सके. प्रत्येक प्रतिभागी के लिये अधिकतम 3'x3' का स्थान उपलब्ध होगा. अपनी प्रविष्टियां उचित विवरण के साथ (1. नाम, 2. पता, 3. प्रदर्शनार्थ सामग्री का संक्षेप में विवरण, 4. संपर्क फोन, 5. स्वहस्ताक्षरित प्रमाणन कि प्रदर्शनार्थ आर्ट-वर्क प्रतियोगी द्वारा निर्मित है) यथाशीघ्र सूचित करें, अधिकतम 22 दिसंबर तक. एक घर से एक से ज्यादा प्रतियोगी भाग ले सकते हैं. श्रेष्ठ कार्य को पुरस्कृत किया जाना प्रस्तावित है. ड्राइंग-पेंटिंग इसमें शामिल नहीं होंगी क्योंकि उसकी अलग प्रतियोगिता होती है फिर भी मांग के अनुसार शिर्फ प्रदर्शन पर विचार किया जा सकता है.

<u>व्यासायिक प्रतिभाओं द्वारा व्याख्यान (Short speech by professional Experts of Prajapati Samaj)</u> : एक अभिनव प्रयोग के तौर इस विषय को पिछले वर्ष प्रारंभ किया गया था. इसके अच्छे अनुभव रहे. तदनुरूप, नि:शुल्क सेवार्थ इच्छुक समाजिक प्रतिभाओं से निवेदन है कि आमजन के लिये उपयोगी अपनी विषय वस्तु के साथ अपना नाम दिनांक 22/12/2019 तक प्रेषित करें. प्रत्येक व्याख्यान के लिये अधिकतम 10 मिनट का समय है.

सतत् ....पृष्ठ 2

Scanned by CamScanner